Digital Edition
# डेमोक्रेटिक फ्रंट
Website : www.demokraticfront.com
बुधवार, 11 दिसंबर 2024 | मूल्य : 2 रुपए | पेज : 4
चंडीगढ़
E-mail : sareeka2473@gmail.com RNI No.: HARHIN/11362

## एक नजर

### महिला एंव बाल विकास विभाग द्वारा 10 दिसम्बर तक चलाया गया जागरूकता अभियान

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कोरल पुरनूर पंचकूला।** लिंग आधारित हिंसा को खत्म करने और महिलाओं व लडकियों के अधिकारों और हक के बारे में जागरुक करने के लिए महिला एंव बाल विकास विभाग द्वारा 10 दिसम्बर तक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए जिला कार्यकम अधिकारी श्रीमती सीमा रोहिला ने बताया कि उपायुक्त श्रीमती मोनिका गुप्ता के दिशानिर्देशनुसार घरेलू हिंसा अधिनियम बाल विवाह अधिनियम पॉश एक्ट, पॉक्सो एक्ट, जे0जे0 एक्ट, वन स्टॉप सेंटर तथा विभाग द्वारा चलाई जा रही अन्य स्कीमों के बारे में जिला, ब्लॉक एंव ग्राम स्तर पर जागरुकता अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में शपथ समारोह स्कूलों व विभिन्न विभागों में वेबिनार, आंगनवा?ी वर्कर द्वारा घरों में जाकर जानकारी देना, वर्कशॉप, प्रभात फेरी आदि कार्यकम किये गए। 27 नवम्बर से देश को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने इस कार्यक्रम की शुरुआत की। इसी सम्बन्ध में बाल विवाह मुक्त बनाने की शपथ ऑनलाईन पॉर्टल पर जाकर भी लोगों द्वारा ली गई। भारत सरकार देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए बाल विवाह मुक्त बनाना चाहती है। इसी सम्बन्ध में सरंक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी श्रीमती सोनिया सबरवाल ने बताया कि बाल विवाह अभी भी एक समस्या है। इसे रोकने के लिए आमजन का सहयोग जरुरी है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह होने पर इसकी सूचना हेल्पलाईन नं0 181 व 112 पर दे सकते हैं।

### ब्रह्म दत्त शर्मा के उपन्यास आधी दुनिया पूरा आसमान को प्रयागराज में मिला सम्मान

**डेमोक्रेटिक फ्रंट यमुनानगर सुशील पंडित.** यमुनानगर के लेखक ब्रह्म दत्त शर्मा के उपन्यास आधी दुनिया पूरा आसमान को त्रिवेणी ग्रामोद्योग उत्थान समिति तथा लोक रंजन प्रकाशन द्वारा संयुक्त रूप से केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय प्रयागराज में आयोजित कार्यक्रम में श्री राम नारायण सिंह स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय प्रयागराज के निदेशक प्रोफेसर ललित कुमार त्रिपाठी, प्रसिद्ध ध्रुपद गायक और केंद्रीय नाट्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित श्री विनोद कुमार द्विवेदी, रंगमंच निर्देशक और प्रसिद्ध अभिनेता डॉ. अशोक शुक्ला, समाज सेविका राजलक्ष्मी शुक्ला और लोक रंजन के प्रबंधक श्री रंजन पांडे के हाथों प्राप्त हुआ। इस सम्मान के तहत उन्हें इक्यावन सौ रुपए नकद, शॉल, प्रशस्ति पत्र, मेडल, स्मृति चिह्न और श्रीफल प्रदान किए गए। कार्यक्रम में देश भर से आए साहित्यकर और प्रयागराज के बुद्धिजीवी, लेखक व प्रोफेसर मौजूद थे। कार्यक्रम में निर्णायक डॉ. रवि मिश्र ने उपस्थित श्रोताओं को आधी दुनिया पूरा आसमान को सर्वश्रेष्ठ कृति के रूप में चुने जाने की वजहों को विस्तार से बतलाया। उन्होंने उपन्यास को सम्मान के लिए सर्वथा उपयुक्त बतलाते हुए इसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की। सम्मान के लिए देश भर से विभिन्न विधाओं की पुस्तकें आमंत्रित की गई थीं। उपन्यास वर्ग में श्री ब्रह्म दत्त शर्मा के उपन्यास को सर्वश्रेष्ठ चुना गया। इसी साल जनवरी में प्रकाशित यह उपन्यास एक ऐसी ल?की/महिला के संघर्षों की दास्तान है, जिसका कॉलेज के दिनों में आई. ए. एस. अफसर बनने का सपना है, किंतु माँ-बाप उसकी जल्दी शादी कर देते हैं। वह दो बेटियाँ की माँ बनती है, लेकिन ससुराल को संपत्ति का वारिस और वंश बेल आगे बढ़ाने हेतु हर हाल में बेटा चाहिए। यहीं से उसकी मुसीबतों की शुरुआत होती है। वह कैसे सभी कठिनाइयों और चुनौतियों से लड़ते हुए मुंबई पहुंचकर अपना सपना पूरा करने का प्रयास करती है, उपन्यास इसी बारे में है। 268 पेज के इस उपन्यास में मुख्य कथा के साथ-साथ अनेक उपकथाएं भी शामिल हैं। श्री ब्रह्म दत्त शर्मा यमुनानगर के प्रसिद्ध कहानीकार और उपन्यासकार हैं। उनकी पांच किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें तीन कहानी संग्रह और दो उपन्यास हैं। उनके कहानी संग्रह 'चालीस पार' 2010, 'मिस्टर देवदास' 2014, पीठासीन अधिकारी 2020 में प्रकाशित हुए, जबकि पहला उपन्यास 'ठहरे हुए पलों में' 2016 में तथा दूसरा उपन्यास आधी दुनिया पूरा आसमान' 2024 में प्रकाशित हुआ। इससे पहले भी उन्हें लेखन के लिए अनेक पुरस्कार व सम्मान प्राप्त हुए हैं। विश्व हिंदी सचिवालय, मॉरीशस का सर्वश्रेष्ठ हिंदी कहानी पुरस्कार 2019, पीठासीन अधिकारी कहानी- संग्रह को हरियाणा साहित्य अकादमी का श्रेष्ठ कृति पुरस्कार 2021, अखिल भारतीय डॉ. कुमुद टिक्कू कहानी प्रतियोगिता पुरस्कार 2022(जयपुर, राजस्थान), माँ धनपति देवी स्मृति कथा साहित्य सम्मान 2017 (सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश), हरियाणा साहित्य अकादमी का श्रेष्ठ कहानी पुरस्कार 2015, श्री बृजभूषण भारद्वाज एडवोकेट समृति साहित्य सम्मान 2015 (कैथल, हरियाणा), डॉ. महाराजा कृष्ण जैन स्मृति सम्मान 2018 ( शिलांग, मेघालय), हिंदी रत्न सम्मान 2022 (घरौंडा, हरियाणा) अन्तर्राष्ट्रीय हिंदी सेवा सम्मान 2024 (थिंपू, भूटान) आदि प्रमुख हैं। श्री शर्मा का पैतृक गांव झीवरहेड़ी है। वर्तमान में वे सेक्टर18 हुडा के निवासी हैं और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाबनी कलां में एस एस एस मास्टर के पद पर कार्यरत हैं।

## एचएसएससी में पारदर्शिता के नए युग की शुरुआत : हिम्मत सिंह

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** जब हिम्मत सिंह ने 8 जून, 2024 को हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग HSSC के अध्यक्ष के रूप में शपथ ली, तो शायद ही किसी ने यह अनुमान लगाया होगा कि उनके नेतृत्व में हरियाणा में सार्वजनिक भर्ती के परिदृश्य में कितना बड़ा बदलाव आएगा। कुछ ही महीनों में, सिंह ने न केवल HSSC को दक्षता के एक आदर्श के रूप में बदल दिया है, बल्कि सरकारी भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और योग्यता-आधारित चयन के लिए नए मानक भी स्थापित किए हैं। सिंह की नियुक्ति ऐसे महत्वपूर्ण मोड़ पर हुई, जब भ्रष्टाचार और अक्षमता के आरोपों के कारण भर्ती निकायों में जनता का विश्वास अब तक के सबसे निचले स्तर पर था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पारदर्शी शासन के दृष्टिकोण और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की युवा सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता से प्रेरणा लेते हुए, सिंह ने HSSC के संचालन को जमीनी स्तर से बदलने के मिशन की शुरुआत की।



सिंह की पहली पहलों में से एक व्यापक पारदर्शिता ढांचे का कार्यान्वयन था। इसमें भर्ती प्रक्रिया के सभी चरणों को सार्वजनिक जांच के लिए खुला रखना शामिल था। आवेदन से लेकर अंतिम चयन तक, हर चरण का दस्तावेजीकरण किया गया और उम्मीदवारों और आम जनता दोनों के लिए इसे सुलभ बनाया गया। पारदर्शिता के इस अभूतपूर्व स्तर ने न केवल जनता का विश्वास बढ़ाया, बल्कि किसी भी संभावित कदाचार को रोकने में भी मदद की। सिंह ने भर्ती पर्यवेक्षकों की एक नई अवधारणा भी पेश की - स्वतंत्र विशेषज्ञ जो निष्पक्षता और स्थापित प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने के लिए पूरी चयन प्रक्रिया की देखरेख करते हैं। इस कदम ने पारदर्शिता के लिए HSSC की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया और नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों के बीच विश्वास बनाने में मदद की। बेहतर प्रशासन के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिए अध्यक्ष की प्रतिबद्धता उम्मीदवारों के रिकॉर्ड को बनाए रखने में ब्लॉकचेन तकनीक को लागू करने के उनके फैसले में स्पष्ट थी। इस अभिनव दृष्टिकोण ने रिकॉर्ड की अपरिवर्तनीयता सुनिश्चित की, जिससे उम्मीदवार के डेटा या टेस्ट स्कोर के साथ छेड़छाड़ की किसी भी संभावना को समाप्त कर दिया गया। सिंह के सुधारों ने जल्दी ही फल दिया। 17 अक्टूबर, 2024 को, ।।स्स्ष्ट ने 25,000 ग्रुप सी और ग्रुप डी रिक्तियों के लिए सफलतापूर्वक परिणाम घोषित किए। यह उपलब्धि विशेष रूप से उल्लेखनीय थी क्योंकि यह चुनाव संबंधी आदर्श आचार संहिता के कारण हुई देरी के बावजूद आई थी। पारदर्शी प्रक्रिया के साथ-साथ परिणामों की त्वरित घोषणा को सार्वजनिक क्षेत्र की भर्ती में एक बड़ा बदलाव माना गया।

लेकिन सिंह यहीं नहीं रुके। नौकरी चाहने वालों की चिंता और अनिश्चितता को समझते हुए, उन्होंने ।।स्स्ष्ट के संचालन के लिए उम्मीदवार-केंद्रित दृष्टिकोण पेश किया। इसमें उम्मीदवारों के लिए एक समर्पित हेल्पलाइन स्थापित करना, सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से नियमित अपडेट और ओपन हाउस आयोजित करना शामिल था, जहाँ उम्मीदवार सीधे HSSC अधिकारियों से बातचीत कर सकते थे। सिंह के सुधारों का प्रभाव केवल ।।स्स्ष्ट तक ही सीमित नहीं रहा। उनकी सफलता ने हरियाणा सरकार के अन्य विभागों को भी इसी तरह के पारदर्शिता उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री सैनी ने परिवर्तन से प्रभावित होकर राज्य में अन्य सरकारी भर्ती निकायों में HSSC मॉडल को दोहराने की योजना की घोषणा की। सिंह के प्रयास प्रधानमंत्री मोदी की डिजिटल इंडिया पहल के साथ भी पूरी तरह से मेल खाते हैं। ।।स्स्ष्ट की प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण ने न केवल दक्षता बढ़ाई बल्कि भर्ती प्रक्रिया के कार्बन पदचिह्न को भी काफी कम कर दिया, जिससे यह पर्यावरण के अनुकूल बन गई। योग्यता-आधारित चयन पर अध्यक्ष के ध्यान ने सरकारी सेवा में प्रवेश करने वाले भर्तियों की गुणवत्ता पर गहरा प्रभाव डाला है। चयन प्रक्रिया से व्यक्तिपरक तत्वों को हटाकर और केवल वस्तुनिष्ठ मानदंडों पर भरोसा करके, सिंह ने सुनिश्चित किया कि केवल सबसे योग्य उम्मीदवारों का ही चयन किया जाए।

जैसे ही ।।स्स्ष्ट के परिवर्तन की खबर फैली, इसने अन्य राज्यों से भी ध्यान आकर्षित करना शुरू कर दिया। तब से कई राज्य सरकारों ने सार्वजनिक भर्ती के हरियाणा मॉडल का अध्ययन करने के लिए प्रतिनिधिमंडल भेजे हैं, और अपने-अपने राज्यों में इसी तरह के सुधारों को लागू करने की योजना बनाई है। HSSC में सिंह का नेतृत्व इस बात का प्रमाण है कि जब दूरदर्शी विचारों को प्रभावी कार्यान्वयन के साथ जोड़ा जाता है, तो क्या हासिल किया जा सकता है। उनकी सफलता की कहानी न केवल भारत में प्रशासकों के लिए बल्कि दुनिया भर के लोक सेवकों के लिए प्रेरणा का काम करती है। आगे देखते हुए, हिम्मत सिंह के धीमे होने के कोई संकेत नहीं दिखते। उन्होंने पहले ही आगे के सुधारों की योजनाओं की घोषणा कर दी है।

## पाकिस्तान की तरह ही बांग्लादेश का भी होने चाहिए बहिष्कार : साध्वी डा. अमृता दीदी

### सनातन सुरक्षा मंच और सर्व हिंदू समाज के बैनर तले साधु संत और धार्मिक संगठनों ने किया प्रदर्शन, उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**डेमोक्रेटिक फ्रंट पंचकूला।** साध्वी डॉक्टर अमृता दीदी ने कहा कि पाकिस्तान की तरह ही बांग्लादेश का भी बहिष्कार होना चाहिए। उन्होंने अमेरिका को भी आडे हाथों लेते हुए कहा कि अमेरिका यूनाइटेड नेशन के नाम से सारे विश्व में दादागिरी दिखाता रहा है, लेकिन आज अमेरिका को बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार दिखाई नहीं दे रहे। साध्वी डाक्टर अमृता दीदी मंगलवार को पंचकूला में सनातन सुरक्षा मंच और सर्व हिंदू समाज के बैनर तले निकाले जा गए रोष प्रदर्शन को संबोधित कर रही थी। इस प्रदर्शन में अनेक साधु संतों के साथ हजारों की संख्या शहर के नामी गिरामी लोगों ने आक्रोश मार्च में भाग लिया और बांग्लादेश के खिलाफ नारेबाजी की व उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर वृंदावन से डा. रमणीक कृष्ण जी महाराज, महंत सोनाक्षी जी, ओपी सिहाग, अग्रवाल सभा से अमित जिंदल, सांई ट्रस्ट से अनिल थापर आदि मौजूद रहे।





साधु संतो के नेतृत्व में सनातन सुरक्षा मंच, सर्व हिंदू समाज के बैनर तले विभिन्न धार्मिक संगठनों ने हजारों की संख्या में बांग्लादेश में हो रहे नरसंहार को लेकर विरोध प्रदर्शन किया और बांग्लादेश के खिलाफ कडी कार्रवाई की मांग की। यह प्रदर्शन सेक्टर-2 से उपायुक्त कार्यालय तक किया गया। साध्वी डाक्टर अमृता दीदी ने कहा कि आज के युग में जब तक आप इकट्ठा होकर के दमदार आवाज नहीं निकलोगे बाहर का कोई भी व्यक्ति रक्षा करने नहीं आएगा। विश्व भर में जहां-जहां सनातनी हैं उन्हें एकजुट होकर आततायियों का सामना करना होगा। साध्वी डाक्टर अमृता दीदी ने कहा कि लोकतंत्र का जमाना है, हमें अपनी बात रखने के लिए एकजुट होना जरूरी है। अमेरिका पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि अमेरिका को बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार दिखाई नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में महिलाओं के साथ दुराचार किया जा रहा है, हिंदुओं के मंदिरों को निशाना बनाकर मूर्तियां तोड़ी जा रही है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए शीघ्र ही शांति सेना भेजनी चाहिए। वृंदावन से डा. रमणीक कृष्ण जी महाराज ने कहा कि अब समय सनातनियों का एकजुट होने का आ गया है। अगर हम एकजुट रहेंगे तो हमारी तरफ कोई आंख उठाकर भी नहीं देख सकता। उन्होंने कहा कि आज साधु, संत समाज की रक्षा के लिए एकजुट हैं तो समाज को भी एकजुट होना चाहिए और सरकार पर दबाव बनाकर बांग्लादेश के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करें। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास तब तक जारी रहना चाहिए जब तक बांग्लादेश में अत्याचार रूक नहीं जाते हैं।

लोगों से आग्रह करते हुए वृंदावन से डा. रमणीक कृष्ण जी महाराज ने कहा कि समाज के लोग सड़कों पर उतरें और सोशल मीडिया व आंदोलन के माध्यम से लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में बहन, बेटियां व हिंदू सुरक्षित नहीं है ऐसे में पूरे विश्व को बांग्लादेश के खिलाफ कडा संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत का संत समाज पीछे हटने वाला नहीं है। संत समाज ने अगर बांग्लादेश की तरफ कूच कर दिया तो बांग्लादेश का नाम दुनिया के निक्शा से मिट जाएगा।

## मोबाइल उपयोगकर्ताओं के लिए उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम



**डेमोक्रेटिक फ्रंट, चंडीगढ़।** मोबाइल उपयोगकर्ताओं को उनके अधिकारों और साइबर संबंधी धोखाधड़ी के प्रति जागरूक करने के मद्देनजर चंडीगढ़ के सेक्टर 40 स्थित शारदा सर्वहितकारी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का आयोजन भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के सहयोग से सिटीजन अवेयरनेस ग्रुप द्वारा किया गया था। सुरिंदर वर्मा अध्यक्ष, सीएजी ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि सत्र का उद्देश्य दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के प्रतिनिधियों को उपभोक्ताओं के साथ बातचीत करने और मोबाइल क्षेत्र में चुनौतियों और सरकार द्वारा शुरू की गई अन्य पहलों के बारे में जागरूक करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम की मेजबानी करते हुए महासचिव सुश्री मोहिंदर कौर कटारिया ने ट्राई दिशानिर्देशों पर प्रकाश डाला और कहा कि यह पहल सभी उपभोक्ताओं को अपने मोबाइल उपकरणों के बारे में अधिक सावधान रहने में मदद करेगी। स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. अर्चना ने स्कूली बच्चों के बीच मोबाइल समस्याओं के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए सिटीजन अवेयरनेस ग्रुप द्वारा की गई पहल की सराहना की। उन्होंने आगामी आयोजनों में भी अपना पूर्ण समर्थन एवं सहयोग व्यक्त किया। दूरसंचार सेवा प्रदाता बीएसएनएल के आशीष कुमार और संजीव कुमार, एयरटेल के देवराज चौहान, रिलायंस जियो के संजीव वोहरा और वोडाफोन आइडिया के मनीष कुमार और रवि कुमार ने अपनी कंपनियों के नियमों के बारे में अपने विचार व्यक्त किए और उपभोक्ता संबंधी समस्याओं के समाधान में अपने पूरे दिल से समर्थन का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में 200 विद्यार्थियों सहित उनके शिक्षकों ने भाग लिया। अंत में सुरिंदर वर्मा, मोहिंदर कौर कटारिया, शेखर निझावन और करुणा अरोड़ा ने स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. अर्चना को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

## विधायक चंद्रमोहन ने अंबिका माता मंदिर में नवाया शीश, मांगा सरबत का भला





**डेमोक्रेटिक फ्रंट अंबाला.** हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं पंचकूला के विधायक श्चंद्रमोहन जी ने अंबाला शहर के प्राचीन एवं ऐतिहासिक अंबिका माता मंदिर में दर्शन किए और मंदिर में पिंडी दर्शन किए। चंद्रमोहन ने मंदिर में माथा टेककर माँ अंबा से सभी के कल्याण और समृद्धि की प्रार्थना की। इस अवसर पर चंद्रमोहन ने कहा, अंबिका माता का यह मंदिर हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर है और इसी मंदिर से पर अंबाला का नामकरण हुआ है और वैसे भी अम्बाला ऋषि-मुनियों, पीर-पैगम्बरों का शहर है और इस शहर पर परमात्मा की असीम कृपा है। यहाँ आकर आत्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होता है। मैंने माँ से प्रार्थना की है कि वे भारतवर्ष एवं हरियाणा के सभी नागरिकों पर अपनी कृपा बनाए रखें और सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाएं। अंबिका माता मंदिर में पहुंचने पर मंदिर के पुजारी अमित शर्मा ने पंचकूला से विधायक चंद्रमोहन का स्वागत किया । इस अवसर पर एडवोकेट वासु रंजन, शिव रंजन, अनीश आहूजा, आकाश शर्मा, विजय धीर भी मौजूद रहे।

## पंचकूला और कालका न्यायालयों में 14 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कोरल पुरनूर पंचकूला।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट और सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजय घनघस ने बताया कि 14 दिसंबर, 2024 को जिला न्यायालय पंचकूला और कालका उप-मंडल न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। लोक अदालत का आयोजन एस.पी. सिंह, सदस्य सचिव, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और श्री वी.पी. सिरोही, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पंचकूला के मार्गदर्शन में किया जाएगा। यह लोक अदालत मुख्य रूप से ऑनलाइन ट्रैफिक चालान, जब्त वाहनों से संबंधित चालान और शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामलों के समाधान पर केंद्रित होगी। श्री घनघस ने इस बात पर जोर दिया कि लोक अदालत के दौरान लगाए जाने वाले जुर्माने ट्रैफिक चालान शाखाओं में लगाए जाने वाले नियमित जुर्माने की तुलना में काफी कम होंगे। इस पहल का उद्देश्य लोगों को लोक अदालत के दिन अपने लंबित मामलों को हल करने के लिए प्रोत्साहित करना है, जिससे समय और धन की बचत होगी।

**सहायता के लिए हेल्प डेस्क स्थापित किए गए**

उन्होंने बताया कि जनता की भागीदारी को सुविधाजनक बनाने के लिए रणनीतिक डिप्टी कमिश्नर ऑफिस सचिवालय, एसबीआई बैंक, सेक्टर-8, ट्रैफिक चालान शाखा, सेक्टर-12, जिला न्यायालय परिसरों पर हेल्प डेस्क स्थापित किए गए है। ये हेल्प डेस्क व्यक्तियों को उनके मामलों को हल करने और लोक अदालत द्वारा दिए जाने वाले लाभों तक पहुँचने के बारे में मार्गदर्शन करेंगे।

**मामलों के प्रभावी निपटान के लिए बेंच**

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने बताया कि लोक अदालत के दौरान मामलों के कुशल निपटान के लिए विशेष 6 बेंचों का गठन किया गया है। ये बेंच जिला और सत्र न्यायाधीश, पंचकूला की मंजूरी से कार्य करेंगी, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वादियों को शीघ्र और सौहार्दपूर्ण समाधान मिले।




**पंचकूला में कानूनी सहायता क्लीनिकों का विस्तार**

उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में कानूनी सहायता का विस्तार करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पंचकूला के गांव रत्तेवाली, रायपुरानी, गोरखपुर, भोज जबियाल, मोरनी सहित विभिन्न ब्लॉकों में नए कानूनी सहायता क्लीनिक स्थापित किए गए हैं। इन क्लीनिकों का उद्देश्य दूरदराज के क्षेत्रों में निवासियों को मुफ्त कानूनी सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करना है, जिससे न्याय की समान पहुंच सुनिश्चित हो सके। इन क्लीनिकों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए, जिला विकास और पंचायत अधिकारियों (डीडीपीओ) को अपने-अपने गांवों में मुनादी करने का निर्देश दिया गया है।

**पंचकूला में नियमित जेल लोक अदालतें**

श्री घनघस ने कैदियों के कानूनी मुद्दों को हल करने के लिए चल रहे प्रयासों पर भी प्रकाश डालते हुए बताया कि श्री एस.पी. सिंह, सदस्य सचिव, एचएएलएसए के मार्गदर्शन में महीने के पहले और तीसरे बुधवार को नियमित रूप से जेल लोक अदालतें आयोजित की जा रही हैं। ये लोक अदालतें कैदियों से जुड़े मामलों के त्वरित समाधान के लिए एक मंच प्रदान करेंगी जिससे पुनर्स्थापनात्मक न्याय को बढ़ावा मिलेगा।

**नालसा हेल्पलाइन पर जागरूकता अभियान**

श्री घणघस ने बताया कि कानूनी जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न विभागों से रिपोर्ट मांगी है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके कार्यालयों की बाहरी दीवारों पर नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 और नालसा पोर्टल का विवरण लिखा गया हो। इस पहल का उद्देश्य जनता, विशेष रूप से जरूरतमंद लोगों को कानूनी सहायता की उपलब्धता को बढ़ावा देना है। उन्होंने जन भागीदारी का आह्वान करते हुए कहा कि डीएलएसए पंचकूला नागरिकों से राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाने का आग्रह करता है ताकि उनके लंबित चालान और मामलों को कुशल और लागत प्रभावी तरीके से हल किया जा सके। यह आयोजन न केवल कम जुर्माने के माध्यम से वित्तीय राहत प्रदान करता है बल्कि सौहार्दपूर्ण विवाद समाधान की भावना को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के बारे में अधिक जानकारी और सहायता के लिए, व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं या पंचकूला में विभिन्न स्थानों पर स्थापित हेल्प डेस्क से भी संपर्क किए जा सकते हैं।

## एक नजर

### त्रिभाषीय साहित्यिक मंच ने कवि दरबार और सम्मान समारोह का किया आयोजन



**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़:** त्रिभाषीय साहित्यिक मंच की ओर से सैनी भवन, सेक्टर 24 में कवि दरबार और सम्मान समारोह कराया गया। चंडीगढ़ साहित्य अकादमी के पूर्व सचिव सुभाष भास्कर मुख्य अतिथि, और अध्यक्ष मंडल में मंच के चेयरमैन प्रिं. बहादुर सिंह गोसल, साहित्यकार प्रेम विज, डा. अवतार सिंह पतंग और राजकुमार साहावालिया शामिल थे। काव्य गोष्ठी का आरम्भ मनजीत कौर मोहाली ने अपनी धार्मिक रचना से किया। इन के अलावा सुभाष भास्कर, प्रेम विज, राजिन्दर सिंह धीमान, पाल अजनबी, जगतार सिंह योग, नीलम नारंग, गणेश दत्त, विमला गुगलानी, हरेन्दर सिन्हा, मंदर गिल, अवतार सिंह मेहतपुरी आदि ने काव्य पाठ किया। इस अवसर पर श्रीमती हरदीप कौर, ब्यूरो चीफ चंढदी कला चाईम टीवी और राज कुमार साहोवालिया प्रसिद्ध साहित्यकार को सम्मानित किया गया। डा. अवतार सिंह पतंग ने हिंद की चादर गुरू तेग बहादुर जीवन और शहीदी के बारे में विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवतार सिंह मेहतपुरी ने किया और धन्यवाद साहित्यकार राजेन्द्र सिंह धीमान ने किया।

### सेक्टर 34 में किया 38 रक्तदानियों ने रक्तदान




**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** विश्वास फाउंडेशन व इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी यूटी चंडीगढ़ ने संयुक्त रूप से मिलकर गुरुदेव श्री स्वामी विश्वास जी के आशीर्वाद से मार्केट सेक्टर 34 चंडीगढ़ में रक्तदान शिविर आयोजित किया। कैम्प में 49 लोगों ने रक्तदान करने के लिए रजिस्टर करवाया, 11 लोगों को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों की वजह से रक्तदान करने के लिए मना कर दिया गया। ब्लड बैंक पीजीआई चंडीगढ़ की टीम ने डॉक्टर एकता परमजीत की देखरेख में 38 यूनिट्स रक्त एकत्रित किया। विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास ने बताया कि लोगों में यह भ्रम है कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आती है। रक्तदान के कारण कोई कमजोरी नहीं आती, बल्कि सभी को 90 दिन में एक बार अवश्य ही रक्तदान करना चाहिए। इससे जरूरतमंदों को मदद मिलती है साथ ही शरीर स्वस्थ रहता है। रक्तदान जैसा पुनीत काम सबसे ब?ी सेवा में आता है। इस रक्तदान शिविर में आये सभी रक्तदानियों को प्रशंसा पत्र व गिफ्ट देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर विश्वास फाउंडेशन से वरीन्द्र कुमार, अविनाश शर्मा, सत्य भूषण खुराना, साध्वी प्रीति विश्वास, मधु खन्ना, रेडक्रॉस यूटी चंडीगढ़ का स्टाफ व अन्य गणमान्य अतिथि भी मौजूद रहे। 7 से 12 तक के विद्यार्थी ले सकेंगे ड्राइंग प्रतियोगिता में भाग , सेक्टर 62 में शुक्रवार को 11 बजे से

### ड्राइंग कम्पीटिशन आयोजित

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** सेक्टर 62 में शुक्रवार को 11 बजे से ड्राइंग कम्पीटिशन के जरिये आज के डिजिटल युग में मोबाइल फोन से दूर हम उम्र के बच्चों संग क्रिएटिव प्रतियोगिता एक ओर बच्चों को उनमें छुपे आर्टिस्ट को जगाएगी व दूसरी और बिना स्क्रीन के सुकून के पल उन्हें आनंद का एहसास करवाएंगे । प्रतियोगिता में चुने गए स्टूडेंट्स को कैश अवार्ड के चलते सभी में सबसे बेहतर कलाकृति बनाने की हो? भी रहेगी । मदरहुड व हेल्थ प्लस द्वारा आयोजित ऐसे कार्यक्रम स्टूडेंट के लिए डिजिटल युग में गेम चेंजर साबित होंगे व इस कार्यक्रम के पश्चात स्टूडेंट्स में ऐसी हॉबी का विकास होगा।

### गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज में फिट इंडिया वीक की शुरुआत हुई




**डेमोक्रेटिक फ्रंट यमुनानगर.** गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज यमुनानगर में कल दिनांक 9 दिसंबर को फिट इंडिया वीक के के कार्यक्रम का आरंभ हुआ। कार्यक्रम की नोडल ऑफिसर डॉ मीनाक्षी गुप्ता ने जानकारी दी की हर एक दिन एक अलग क्रिया द्वारा यह सप्ताह बनाया जाएगा जिसमें फिटनेस की महता विषय पर निबंध लेखन, योग, मेडिटेशन, खेल गतिविधियां, देशज खेल , शपथ ग्रहण,उद्यमिक प्रकोष्ठ द्वारा खेलों के क्षेत्र में रोजगार संभावनाएं इत्यादि कार्यक्रम होंगे।कॉलेज डायरेक्टर डॉ. वरिंदर गांधी ने भी योग कार्यक्रम में प्रतिभागिता करते हुए छात्रों को दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ नरेंद्र पाल कौर ने भी विद्यार्थियों को शारीरिक क्रियाओं एवं खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। योग कार्यक्रम में कॉलेज की प्राध्यापिकाए , मिस मोनिका, डॉ शबनम,मिस शर्मीला, डॉ गुरजिंदर,मिस प्रीती भी शामिल हुई।

### डॉ. राज कुमार के प्रभाव में भाजपा छोड़ रहे नेता : कार्यकर्ता



डेमोक्रेटिक फ्रंट हुशियारपुर ( तरसेम दीवाना ) आम आदमी पार्टी के सांसद डॉ. राज कुमार का फगवाड़ा में नगर निगम चुनाव में दबदबा साफ नजर आ रहा है। उनके नेतृत्व में लगातार बीजेपी नेता और कार्यकर्ता बीजेपी छोड़कर आप के समर्थन में आ रहे हैं. आज भाजपा फगवाड़ा के जाने-माने नेता डॉ. एससी मोर्चा पंजाब के कार्यकारी सदस्य डा पवन कौल अपने साथियों के साथ डॉ. राज की उपस्थिति में आप में शामिल हुए। डा राज ने इस अवसर पर उनका और उनके सहयोगियों और परिवारों का स्वागत करते हुए कहा कि वह और पार्टी हमेशा हर नेता को विशेष सम्मान देगी और हमारी सरकार विभिन्न योजनाएं लागू कर जनता से किये गये वादों को पूरा करने का काम कर रही है. उन्होंने फगवाड़ा शहर की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से निजात दिलाने के लिए निजी तौर पर भी विशेष ध्यान देने का आश्वासन दिया। हरजी मान, मैडम ललिता सकलानी जिला अध्यक्ष, जरनैल गिल, संतोष गोगी, गुरदीप दीपा, विक्की सूद, जसपाल सिंह आदि भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# निगम कमिश्नर अमित कुमार ने तिब्बत पोटाला बाजार का उद्घाटन





**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** सेक्टर 17 स्थित सर्कस ग्राउंड में लगे तिब्बत पोटाला बाजार की आज से शुरुआत हो गई है। जिसका चंडीगढ़ नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार ने रिबन काट कर बाजार का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर चंडीगढ़ नगर निगम पार्षद प्रेम लता सहित सुरेश कपिला और तिब्बत पोटाला बाजार के प्रबंधन सदस्य व दुकानदार मौजूद थे। निगम कमिश्नर ने पार्षद प्रेमलता व अन्य के साथ पोटाला बाजार का दौरा कर स्टाल्स पर उपलब्ध वस्त्रों को देखा और उनकी खूबियों को सराहा। तिब्बत समुदाय ने इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार का धन्यवाद करते हुए प्रतिवर्ष बाजार लगाने में आ रही विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया। समस्यायों में प्रतिदिन लग रहा रेंट ही बेहद ही ज्यादा है। साथ ही लगभग 2 महीने चलने वाले इस बाजार के लिए मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव बताया। निगम कमिश्नर अमित कुमार ने तिब्बती समुदाय का आभार जताते हुए कहा कि बेशक तिब्बती आज भारत देश मे शरणार्थी हैं, लेकिन देश की आर्थिकता में भी यह अहम योगदान दे रहे है। उन्होंने तिब्बती परिवार के बच्चों को व्यापार में माता पिता का सहयोग देने की प्रशंसा की। लेकिन वहीं सुझाव दिया कि पढ़ाई लिखाई के प्रति भी उनमें रुझान होना चाहिए। पढ़ोगे तो ही आगे बढोगे। उन्होंने तिब्बती गर्म वस्त्रों की भी तारीफ की और कहा कि तिब्बती वस्त्रों के प्रति लोगों में अलग ही क्रेज होता है। सर्दियों में यह गर्म वस्त्र बेहद गरमाहट प्रदान करते हैं। उनकी समस्याओं को लेकर निगम कमिश्नर ने आश्वासन दिया कि वो इस दिशा में अवश्य प्रयास करेंगे ताकि उन्हें पेश आ रही समस्याओं का निवारण हो सके। सेक्टर 17 स्थित सर्कस ग्राउंड में लगने वाले तिब्बत पोटाला बाजार का नाम सुनते ही लोग इस बाजार का रूख करते हैं। सर्दियों में शिद्दत के साथ शहर के लोग इस बाजार का इंतजार करते हैं। क्योंकि इस बाजार में लोगों को अच्छे वूलन वस्त्र कम कीमत पर मिल जाते है। इसके अलावा भी इस मार्केट की कई और खासियत है। तिब्बत परिवारों के अनुसार वर्ष 1989 में तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा जी को विश्व शांति पुरस्कार मिला था। यह दिन पूरे भारत देश में यहां कहीं भी तिब्बती रहते हैं और तिब्बती परिवार रहते हैं, यह दिन ब?ी ही धूमधाम से मनाते हैं। तो आज यहां सेक्टर 17 में तिब्बती शरणार्थी बाजार लगता है। इस दिन को बोधिसत्व मनाते हैं।तिब्बत पोटाला बाजार के प्रेसिडेंट ने बताया कि दरअसल पोटाला बाजार तिब्बत से आए शरणार्थियों के द्वारा लगाया जाता है। यहां पर सामान बेचने वाले सभी दुकानदार वैसे हैं जो तिब्बत के मूल निवासी हैं। ये भारत में शरणार्थी के रूप में रह रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि यह कपड़े हम लोग खुद से निर्मित कपड़े हैं,जो ठंड में कारगर है,जिससे ठंड का एहसास नहीं होता है। यह बिल्कुल रुई की तरह सॉफ्ट होता है और दिसंबर और जनवरी जैसे कर्कश ठंड मे भी आपको पसीने छुड़ा देगा। उन्होंने बताया कि इस व्यापार में तिब्बत से आए कई शरणार्थी जुड़े हैं. वर्ष 1959 में जब चीन ने तिब्बत पर कब्जा किया तब उनके पूर्वजों ने भारत में शरण लिया और तब से वह भारत में शरणार्थी के रूप में रह रहे हैं. भारत में आने के बाद अपने जीवन यापन के लिए उन्होंने इस व्यापार की शुरुआत की, जिसमें धीरे-धीरे तिब्बत से आए सभी शरणार्थी जुड़ते चले गए तिब्बतीयन बताते है ग्राहक को यहां उचित मूल्य पर गर्म कपड़ें मिलते हैं। तिब्बती बाजार के प्रति खरीदारों की आस्था और विश्वास बरसों से कायम है। बाजार में किसी भी तरह का मोल- मुलाई नहीं होता। फिक्स रेट पर बिकता है। गर्म कपड़ों के इस बाजार में शरणार्थी तिब्बतियों के 17 स्टॉल सजाए गए है। जो ग्रहाकों को आकर्षित करता है। यहां एक ही मार्केट में लेडीस, जेंट्स और बच्चों का सभी तरह के स्वेटर, जैकेट, मफलर,टोपी फैंसी गर्म कपड़ों का आइटम उचित मूल्य पर मिल जाता है। हाथों से बुने हुए कपड़े होते हैं खास: एक तिब्बती दुकानदार बताती हैं कि उनका पूरा समुदाय इस व्यापार से जुड़ा रहता है और अपने घरों में भी कई तरह के प्रोडक्ट बनाते हैं। उन्होंने बताया कि भारत में शरण लेने के बाद उन लोगों ने इस व्यापार को अपने जीवन यापन का साधन बनाया। इसलिए साल के 9 महीने देश के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर सामान इकट्ठा करते हैं और फिर उसके बाद उसे अपने कारखाने या घरों में डिजाइनदार कपड़े का रूप देते हैं। जो लोगों को खासा आकर्षित करता है। जब डिजाइनदार कपड़े बुनकर तैयार हो जाते हैं तो उन कपड़ों को व्यापारी देश के विभिन्न राज्यों में जाकर बेचते है और उससे होने वाले मुनाफे से वो अपने परिवार का जीवन यापन करते हैं।




## इंडियन रेडक्रास सोसायटी द्वारा आयोजित रक्त दान शिविर में 16 यूनिट ब्लड एकत्रित

**डेमोक्रेटिक फ्रंट यमुनानगर सुशील पंडित।** मिशन रक्तक्रान्ति हिंदुस्तान अभियान के तहत अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में ,इंडियन रेडक्रास सोसायटी, स्माइल फाउंडेशन,एवं युवा शक्ति अलाहर के संयुक्त सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जहाँ रक्तवीरों के माध्यम से 16 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप मे विधायक घनश्याम दास अरोडा ने रक्त दान शिविर का शुभारंभ किया और रक्तदाताओं को बैच लगातार सम्मानित किया। इस मौके पर नगराधीश पीयूष गुप्ता , सचिव रेडक्रास सोसायटी रणदीप सिंह , प्रोग्राम आफिसर शीशपाल सोही, जिला प्रशिक्षण अधिकारी शशी भूषण, जसबीर सिंह, दीपशिखा, विभूति, दीप्ति प्रदीप कुमार ने अपनी गरमीय उपस्थिति दी, । मुख्य अतिथि विधायक घनश्याम दास अरोडा ने कहा कि इंडियन रेडक्रास सोसायटी, स्माइल फाउंडेशन संस्था और युवा शक्ति अलाहार के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय रक्त दान शिविर लगाकर एक सराहनीय कार्य किया है ब्लड बैंक में ब्लड पर्याप्त मात्रा में ब्लड उपलब्ध होने से थैलेसीमिया बच्चों एंव मरीजो को समय पर ब्लड मिल जायेगा । यह रक्तदान थैलेसीमिया बच्चों के लिए एक संजीवनी का काम करेगा । उन्होंने कहा कि रक्त की एक बूंद का महत्व वो ही समझ सकता है जिसे वक्त पर ब्लड उपलब्ध नहीं हो पाता लाखों लोग ब्लड ना मिलने के कारण अपनी जान गंवा देते हैं सभी का फर्ज बनता है कि ब्लड की कमी को पूरा करने के लिए समय समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाना चाहिए ताकि ब्लड की कमी के कारण होने वाली मौतों को रोका जा सके । रक्त दान शिविर में सचिव रेडक्रास सोसायटी रणदीप सिंह, शीशपाल सिंह प्रदीप कुमार, पुलिस विभाग से चमन लाल कांबोज , अरविंद कुमार, मंजीत सिंह ने भी स्वैच्छिक रक्तदान किया।

## हरियाणा राज्य में ब्लॉक, विधानसभा, जिला और राज्य स्तर पर सदस्यता और पूर्ण संगठनात्मक चुनाव आयोजित कर रही : भारतीय युवा कांग्रेस




**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।**

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की युवा शाखा, भारतीय युवा कांग्रेस ने घोषणा की है कि वह हरियाणा राज्य में ब्लॉक, विधानसभा, जिला और राज्य स्तर पर अपनी सदस्यता और पूर्ण संगठनात्मक चुनाव आयोजित कर रही है। युवा कांग्रेस के चुनाव अधिकारी श्री जसप्रीत सिंह ने कहा कि भारतीय युवा कांग्रेस में पहले ही पार्टी के आंतरिक चुनावों का एक दौर आयोजित किया जा चुका है। भारत के किसी भी राजनीतिक दल ने अपनी किसी भी संगठन के लिए आंतरिक पार्टी चुनाव आयोजित नहीं किए हैं। यह भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा लिया गया ऐतिहासिक कदम है और यह श्री राहुल गांधी, अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के पूर्व अध्यक्ष का दृष्टिकोण है, जब वह कांग्रेस पार्टी की युवा शाखाओं - भारतीय युवा कांग्रेस और राष्ट्रीय छात्र संघ के प्रभारी थे।

यूथ कांग्रेस के चुनावों के launch के दौरान हरियाणा यूथ कांग्रेस के लिए नियुक्त प्रदेश रिटर्निंग ऑफिसर श्री अरुण कुमार गर्ग ने कहा कि भारत एक नए युग की शुरुआत देख रहा है, जब पार्टी के युवा राजनीतिक नेता अपने सदस्यता से सीधे तौर पर चुने जाएंगे। नेताओं को नामांकित करने के बजाय चुनाव प्रक्रिया में बदलाव भारतीय राजनीति में ऐतिहासिक विकास है। यह सच्ची लोकतंत्र की क्रियावली होगी।

हरियाणा में युवा कांग्रेस के नेतृत्व के चुनाव सभी ब्लॉक, विधानसभा, जिला और राज्य इकाई स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। इस प्रयास से पार्टी का उद्देश्य राज्य के हर कोने में युवा कांग्रेस संगठन को जड़ों तक सशक्त बनाना है। चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए, संगठन ने युवा कांग्रेस चुनाव प्राधिकरण से निवेदन किया है कि वह युवा कांग्रेस चुनावों को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संचालित कराए। इसके लिए ज़ोनल और राज्य स्तर पर रिटर्निंग ऑफिसर्स की एक टीम नियुक्त की गई है। युवा कांग्रेस नामांकन अभियान 20.12.2024 से 05.01.2025 तक चलेगा। उसके बाद सदस्यता प्रक्रिया शुरू होगी और संबंधित तिथियाँ तथा विवरण www.ycea.in पर प्रकाशित किए जाएंगे। युवक कांग्रेस उन सभी लोगों को आमंत्रित करती है और प्रोत्साहित करती है जो भारत के आम लोगों के लिए ईमानदारी और समर्पण के साथ काम करने में रुचि रखते हैं, चुनाव टीम से संपर्क करें। उम्मीदवारों को चुनाव प्रक्रिया, नामांकन प्रक्रिया और भारतीय युवा कांग्रेस में किसी भी पद के लिए अपने क्षेत्र से निर्वाचित नेता बनने के बारे में जानकारी देने के लिए ओरिएंटेशन और प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिसमें उच्चतम पद भी शामिल है! कोई अन्य पार्टी इस तरह का अवसर नहीं देती, जिसमें युवा नेताओं को अपने समुदाय और देश की सेवा करने का मौका मिलता है, साथ ही साथ देश के उच्चतम पदों के लिए एक स्पष्ट और पारदर्शी राजनीतिक करियर मार्ग भी उपलब्ध कराती है। इस अवसर पर श्री दिव्यांशु ने अपने सफल कार्यकाल को याद करते हुए कांग्रेस नेतृत्व का आभार जताया । श्री उदयभान , श्री भूपेंद्र सिंह हुड़ा , श्री दीपेंद्र सिंह हुड़ा , श्री अल्लावरु , श्रीनिवास का धन्यवाद किया जिन्होंने विश्वास जताया और हरियाणा युवा कांग्रेस का नेतृत्व करने का मौका दिया । भारतीय युवा कांग्रेस की सदस्यता, चुनाव प्रक्रिया या आप कैसे युवा कांग्रेस के नेता बन सकते हैं।

## चब्बेवाल के हर घर पर होगी पक्की छत, चित्तों में बाले वाली छतों वाले परिवारों को चेक किए वितरित



**डेमोक्रेटिक फ्रंट हुशियारपुर ( तरसेम दीवाना )।** मेरे विधानसभा क्षेत्र के हर परिवार के पास पक्की छत हो और हर घर खुशहाल हो, इसके लिए मैं हरसंभव प्रयास करूंगा और इस दिशा में एक कदम कच्ची छत्तों वाले परिवारों को धन मुहैया कराना है, ये विचार चब्बेवाल विधायक डॉ. इशांक कुमार ने व्यक्त किये. उस समय वह चब्बेवाल हलके के गांव चित्तों में ग्राम वासियों को संबोधित कर रहे थे।

डॉ. इशांक कुमार ने इस समागम के दौरान गांव के गरीब परिवारों के मकानों की छत पक्की करने के लिए 16 परिवारों को दस दस हजार रुपये की आर्थिक सहायता के चेक प्रदान किए। यह प्रयास गांव के आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों की मदद करने और विकास की गति को तेज करने के लिए किया गया था।

विधायक डॉ. इशांक कुमार ने कहा, विकास मेरे लिए सबसे पहले है। निर्वाचन क्षेत्र के हर घर में बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना और लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करना मेरा कर्तव्य है। मैं निर्वाचन क्षेत्र के हर परिवार की मदद करने के लिए प्रयासरत हूँ और इस से मुझे ?शी मिलती है।मैं यह सुनिश्चित करूँगा कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र के हर गांव, विशेषकर चित्तो गांव के विकास में कोई रूकावट नहीं होगी।

इस चेक वितरण कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विधायक को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह सहायता उनके लिए बड़ी राहत है. एक ग्रामीण ने कहा, हमारे घर की छत वर्षों से खराब स्थिति में थी। इस सहायता से हमें काफी राहत मिलेगी। अन्य ग्रामीणों ने कहा कि इस पहल से गांव के आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों के जीवन में बदलाव आएगा. डॉ इशांक कुमार से पहले पूर्व विधायक और वर्तमान सांसद डॉ. राज कुमार भी कई गांवों में ऐसे कदम उठा चुके हैं। चित्तो गांव में इस कदम को न सिर्फ छत बनाने के काम के लिए बल्कि गांव के सामूहिक विकास को बढ़ाने के प्रतीक के तौर पर भी देखा जा रहा है. लोगों ने विधायक को आश्वासन दिया कि ग्रामीण इस सहायता का उपयोग पूरी संवेदनशीलता के साथ करेंगे।

## हजारों कलाकारों और शिल्पकारों को धन्यवाद देते एनजेडसीसी डायरेक्टर ने अगले वर्ष और भव्य क्राफ्ट मेले का किया वादा

### पटियाला संगीत समारोह का दूसरा एडिशन 18 से 21 दिसंबर कालिदास ऑडिटोरियम में

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रशासन और नार्थ जोन कल्चरल सेंटर (एनजेडसीसी) के तत्वाधान में आयोजित 14वें राष्ट्रीय क्राफ्ट मेले के आगाज की तरह समापन भी शानदार रहा। एनजेडसीसी डायरेक्टर फुरक़ान खान ने शहरवासियों और हजारों कलाकारों, हस्तशिल्प कारीगरों, विभिन्न राज्यों से आए लोक कलाकारों के साथ-साथ पुरस्कृत व मशहूर गायकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस साल के क्राफ्ट मेले ने अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि मेले ने देश के कोने-कोने से आए कलाकारों और शिल्पकारों को अपनी कला और संस्कृति को प्रदर्शित करने का एक अद्भुत मंच दिया। लोक संगीत, नृत्य और हस्तशिल्प की शानदार प्रस्तुतियों ने न केवल दर्शकों का मन मोहा, बल्कि सांस्कृतिक विरासत को सशक्त करने का कार्य किया। फुरक़ान खान ने बताया कि इस मेले को सफल बनाने में सभी ने अपना योगदान दिया। मैं समस्त कलाकारों, शिल्पकारों और आगंतुकों को धन्यवाद देता हूं। इसी के साथ मैं आपको यह विश्वास दिलाता हूं कि अगले वर्ष इससे भी अधिक भव्य और समृद्ध क्राफ्ट मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में शामिल कलाकारों और हस्तशिल्पकारों ने भी इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह मंच उनकी कला को नई ऊंचाईयों पर ले जाने में मददगार साबित हुआ है। इस वर्ष का क्राफ्ट मेला न केवल संस्कृति और कला का उत्सव था, बल्कि यह शहर के नागरिकों और देशभर से आए कलाकारों के बीच संवाद और सहयोग का माध्यम भी बना।

कलाग्राम उत्सव के सफलतापूर्वक संपन्न होने के तुरंत पश्चात उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र द्वारा पिछले वर्ष शुरू हुए पटियाला संगीत समारोह की इस वर्ष की तारीखों को घोषित कर दिया गया है। इस वर्ष ये समारोह 18 दिसंबर से 21 दिसंबर तक पटियाला के कालिदास ऑडिटोरियम में ही आयोजित होगा ।



अगले वर्ष के वादे और उत्साह के साथ नॉर्थ ज़ोन कल्चरल सेंटर(एनजेडसीसी) एक बार फिर शहरवासियों को कला और संस्कृति के इस महायज्ञ में आमंत्रित करने के लिए तत्पर है।

डेमोक्रेटिक फ्रंट



## एक नजर

### साकार और निराकार दोनों मार्ग भगवद्भक्ति की ओर ले जाते हैं



**डेमोक्रेटिक फ्रंट जीरकपुर.** जमना एन्क्लेव, जीरकपुर स्थित शिव मंदिर में गीता जयंती के उपलक्ष्य में संस्कृत भारती की पंचकूला विंग के आचार्यों द्वारा गीता के बारहवें अध्याय का पाठ कर प्रेम और भक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला गया। मंदिर के प्रधान एसडी वाधवा, सचिव ओएन शर्मा, अतुल कपूर और राम लुभाया ने किया। आचार्यों ने ने बताया कि भागवद गीता के बारहवें अध्याय में आध्यात्मिक साधनाओं के अन्य स्तरों की विशालता, भक्ति मार्ग की सर्वोत्कृष्टता के महत्व पर प्रकाश डाला गया है। उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण कहते हैं कि साकार व निराकार दोनों मार्ग भगवत प्राप्ति की ओर ले जाते हैं और वे उनके साकार रूप की पूजा करने वाले भक्त को सर्वश्रेष्ठ योगी के रूप में सम्मान देते हैं। कृष्ण ने स्पष्ट रूप से कहा है कि माया से जुड़े देहधारियों के लिए निराकार अव्यक्त रूप की साज-सज्जा करना कष्टदायक और अत्यंत कठिन है, जबकि उनके वास्तविक रूप की साज-सज्जा करने वाले भक्त अपने स्वयं के साथ भगवान में विलीन हो जाते हैं और उनके प्रत्येक कर्म भगवान को समर्पित होते हैं। वे शीघ्रता से जीवन-मरण के बंधनों से मुक्त हो जाते हैं। इसलिए श्रीकृष्ण अर्जुन को अपनी बुद्धि समर्पित करने और अपने मन को केवल अपनी प्रेममयी भक्ति में स्थिर करने के लिए कहते हैं। श्रीकृष्ण ने कहा है कि यदि अर्जुन अपने मन को पूर्ण रूप से भगवान में एकाग्र करने की स्थिति प्राप्त नहीं कर सकते हैं तब उन्हें आध्यात्मिक अभ्यास द्वारा पूर्णता की श्रेणी को प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। भक्ति कोई रहस्यमय उपहार नहीं है। इसे नवीनीकृत प्रयास से अंकित किया जा सकता है। यदि अर्जुन इतना भी नहीं कर सकते हैं तो भी उन्हें पराजय को स्वीकार नहीं करना चाहिए, इसके विपरीत उन्हें केवल श्रीकृष्ण के सुख के लिए अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। यदि उसके लिए ऐसा करना संभव नहीं है तो उसे अपने कर्मों का त्याग कर देना चाहिए और अपनी आत्मा में स्थित होना चाहिए। श्रीकृष्ण कहते हैं कि लौकिक कर्मों से श्रेष्ठ कर्म फल का त्याग करना है और ज्ञान अर्जन से श्रेष्ठ कर्म फल का त्याग करना है जो परम शांति प्राप्त करने के मार्ग की ओर ले जाता है।

### बीएड दाखिले में मेरिट को दरकिनार करके अन्य छात्र का दाखिला करने के कॉलेज प्रशासन पर लगाए आरोप

**डेमोक्रेटिक फ्रंट उकलाना जगदीश असीजा.** महर्षि दयानंद महाविद्यालय लितानी में बीएड दाखिला दाखिला के लिए रिक्त सीटों पर आज विश्वविद्यालय के आदेश पर काउंसलिंग हुई जिसमें दाखिला लेने के लिए भूना निवासी याशना पहुंची हुई थी भूना निवासी याशना ने उप कुलपति को भेजी शिकायत में आरोप लगाया है कि महाविद्यालय ने उनको भ्रमित करके बिठाए रखा जबकि वह मेरिट के आधार पर अव्वल है और उनका दाखिला नहीं किया गया उनके परिजन उनके साथ गए हुए थे और 110000 पर फीस मांगने पर भी उन्होंने ?52000 पर मौके पर जमा करवाने के लिए तैयार हो गए थे। लेकिन फॉर्म में बीए बीएड भरा गया था उसको ठीक करने के लिए गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय से आए आब्जर्वर ने विश्वविद्यालय में बात की और फॉर्म को दुरुस्त करके याचना का दाखिला करने के लिए कहा लेकिन महाविद्यालय ने अपनी मनमानी करते हुए याशना का दाखिला नहीं किया उसके बाद आए वह अन्य अभ्यर्थी को ला करके दाखिला कर दिया गया और लगभग 12:00 बजे पहुंचने के बाद 4:30 बजे उनको कहा गया कि आपका दाखिला नहीं होगा। जबकि नियम अनुसार उनका दाखिला किया जाना चाहिए था उन्होंने उप कुलपति से मामले की जांच करके उनका दाखिला किया जाए।जबकि मेरिट को दरकिनार किया गया है। राजपाल सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यह फॉर्म ही गलत भरा गया है जिस कारण का दाखिला नहीं हुआ। जब इस विषय को लेकर कॉलेज के संचालक दिलबाग सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मेरिट सूची विश्वविद्यालय द्वारा जारी की जाती है उसी के आधार पर दाखिला होता है।

### अकाली दल को फगवाड़ा में लगा झटका

### डॉ. राज कुमार चब्बेवाल के नेतृत्व में 'आप' को मजबूती



**अमृतसर डेमोक्रेटिक फ्रंट हुशियारपुर ( तरसेम दीवाना ).** आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद डॉ. राज कुमार चब्बेवाल के प्रभावशाली नेतृत्व और क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों के चलते फगवा?ा में अकाली दल (अमृतसर) को बड़ा झटका लगा है। डॉ. चब्बेवाल को अपने अल्प कार्यकाल के दौरान ही क्षेत्र में उल्लेखनीय पहचान तथा समर्थन मिल रहा है और जनता के बीच उनकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है। इसी प्रभाव के कारण अकाली दल (अमृतसर) के वरिष्ठ नेता रघुबीर सिंह, रेशम सिंह पप्पी, कमलप्रीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, अमरीक सिंह, चरन सिंह और शीतल सिंह ने अपनी पार्टी को छोड़कर आप में शामिल होने का फैसला किया। इन नेताओं ने कहा कि डॉ. चब्बेवाल के नेतृत्व में विकास कार्यों के लिए उनकी समर्पित भावना और पारदर्शिता ने उन्हें प्रभावित किया है। डा राज कुमार चब्बेवाल ने इन नेताओं के पार्टी में शामिल होने को अपनी बड़ी सफलता बताया है और कहा कि यह जनता के बीच 'आप' की बढ़ती स्वीकार्यता का प्रमाण है। दूसरी ओर, अकाली दल (अमृतसर) के लिए यह एक बड़ा राजनीतिक झटका माना जा रहा है। हरजी मान, मैडम ललिता सकलानी जिला अध्यक्ष, जरनैल गिल, गुरदीप दीपा, विक्की सूद, जसपाल सिंह आदि भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

### मनीमाजरा स्थित मस्जिद बाहरवाली में रह रहे पूर्व इमाम के परिवार को देना होगा किराया : दारुल उलूम देवबंद

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चण्डीगढ़।** मनसा देवी रोड, मनीमाजरा स्थित मस्जिद बाहरवाली, जो एक वक्फ प्रॉपर्टी है, में रह रहे पूर्व इमाम के परिवार को किराया देना पड़ेगा। इसके अलावा मस्जिद में अपना कब्जा भी छोड़ना होगा। ये फतवा दारुल उलूम देवबंद द्वारा दिया गया है। मनीमाजरा निवासी मतलूब खान, ताज मोहम्मद, मोहम्मद यूनुस व अशरफ अली ने जानकारी देते हुए बताया कि स्थानीय मुस्लिम समुदाय ने इस बाबत चंडीगढ़ के उपायुक्त एवं चंडीगढ़ वक्फ बोर्ड को पिछले वर्ष शिकायत दी गई थी जिस पर अधिकारियों द्वारा एसडीएम ईस्ट की अध्यक्षता में जांच कमेटी बना दी गई थी।

# शेमरॉक वर्ल्ड स्कूल जीरकपुर का वार्षिक समारोह 'उत्कर्ष' धूमधाम से संपन्न

**डेमोक्रेटिक फ्रंट जीरकपुर।** शेमरॉक वर्ल्ड स्कूल जीरकपुर का चार दिवसीय वार्षिक समारोह उत्कर्ष धूमधाम से संपन्न हुआ। 7 दिसंबर से 10 दिसंबर तक आयोजित इस कार्यक्रम में सभी छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने अद्वितीय कौशल का प्रदर्शन किया।

समारोह के पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में शेमरॉक ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन अमरजीत सिंह बाजवा, दूसरे दिन श्री सुखमनी इंटरनेशनल स्कूल, डेराबस्सी की प्रिंसिपल एवं डिप्टी डायरेक्टर ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर मोहाली पूनम शर्मा, तीसरे दिन हलका डेराबस्सी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा और चौथे दिन मुख्य अतिथि एस डी एम डेराबस्सी अमित गुप्ता और विशेष अतिथि के रूप में सीबीएसई की रिसोर्स पर्सन एवं वर्तमान में श्री गुरु गोबिंद सिंह कॉलेजिएट पब्लिक स्कूल चंडीगढ़ की प्रिंसिपल अमनप्रीत कौर एवं सतीश कौशल ने अपनी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई और अपने प्रेरक



संबोधन से युवा मन को प्रेरित किया। समारोह के प्रत्येक दिन शुभ गणेश वंदना और दीप-प्रज्ज्वलन समारोह के साथ शुरुआत करते हुए प्रदर्शनों का एक जीवंत मिश्रण प्रस्तुत किया गया। मुख्य आकर्षण में हनुमान चालीसा, हिमाचली नाटी और सुभाष चंद्र बोस को देशभक्तिपूर्ण श्रद्धांजलि जैसे मंत्रमुग्ध कर देने वाले कार्य शामिल थे। समारोह में साइबर सुरक्षा और कैंसर जागरूकता जैसे विषयों पर केंद्रित नाटकों ने सामाजिक मूल्यों के महत्व पर जोर दिया। जीवंत नृत्य, भावपूर्ण गीत और शक्तिशाली ऑर्केस्ट्रा प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जो स्कूल में विकसित विविधता और रचनात्मकता को दर्शाता है। इस कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ और सहायता टीम के योगदान को भी हार्दिक भाव से सम्मानित किया गया। समारोह अंतिम दिन भांगड़ा और गिद्दा जैसी जीवंत प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वार्षिक समारोह ने



समग्र शिक्षा के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता को मजबूत किया और इसे एकता और यह समारोह उत्कृष्टता के प्रमाण के रूप में मनाया गया।

## ऋषि ब्रदर्स टी-20 ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 2: ट्राइसिटी का सबसे बड़ा क्रिकेट उत्सव 12 दिसंबर से होगा शुरू

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** ऋषि ब्रदर्स टी-20 ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 2, ट्राइसिटी का सबसे बड़ा क्रिकेट टूर्नामेंट, 12 दिसंबर से 15 दिसंबर 2024 तक बाबा बालक नाथ ग्राउंड, सकेतडी कैम्बवाला, चंडीगढ़ में आयोजित किया जाएगा।

इस टूर्नामेंट का आयोजन फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने अभिनेता और निर्देशक सचिन ऋषि और राजीव ऋषि द्वारा किया जा रहा है, जो चंडीगढ़ में क्लब क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए समर्पित हैं। यहां सचिन ऋषि और राजीव ऋषि ने क्रिकेट के जमीनी स्तर पर विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने इस कार्यक्रम के प्रति अपनी उत्सुकता साझा की, जिसमें उत्तर भारत की शीर्ष आठ क्लब टीमों की भागीदारी होगी। इस टूर्नामेंट में कई प्रथम श्रेणी रणजी ट्रॉफी और आईपीएल खिलाड़ी भी शामिल होंगे, जिससे यह क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक बहुप्रतीक्षित आयोजन बन गया है। यूटी क्रिकेट एसोसिएशन (यूटीसीए) के प्रेसिडेंट संजय टंडन उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। टूर्नामेंट के विजेता को 1,00,000 रुपये की नकद राशि और ट्रॉफी दी जाएगी, जबकि उपविजेता को 50,000 रुपये नकद और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इस टूनामेंट को वेरका, जेड स्पोर्ट्स, स्टेडफास्ट न्यूट्रिशन, भगवती राइस, एमपीएन, लिंक एग्रो, ईशान वेलनेस, सेविले, एयरो प्लाज़ा और अमेरिकंज़ मसल जैसे प्रायोजकों का समर्थन प्राप्त है।

## स्वर संगम एंटरटेनर्स वेलफेयर सोसाइटी द्वारा सुर सम्राट किड्स ऑफ ट्राइसिटी गायन ऑडिशंस आयोजित



**डेमोक्रेटिक फ्रंट चण्डीगढ़।** स्वर संगम एंटरटेनर्स वेलफेयर सोसाइटी, चण्डीगढ़ ने बंग भवन, सेक्टर 35 में सुर सम्राट किड्स ऑफ ट्राइसिटी गायन ऑडिशंस की मेजबानी की जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में युवा किशोर गायकों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। अनुभवी जजों और संगीतकारों के विशेषज्ञ मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने अपने कौशल और रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए विविध प्रकार के गीत प्रस्तुत किए। संस्था के अध्यक्ष चंचल सेनगुप्ता और सचिव आशीष डे ने कहा कि इस आयोजन के जरिए युवाओं की सांस्कृतिक और कलात्मक प्रतिभा को बढ़ावा मिलेगा। ये ऑडिशंस 10 से 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के किशोरों के लिए हुए जबकि 18 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के वयस्कों के लिए रविवार, 15 दिसंबर को ऑडिशंस होंगे।

उनके मुताबिक इच्छुकजन मोबाइल नंबर 8360848750, 7973015569 व 9988021127 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में




प्रतिभागियों को प्रतिष्ठित जजों के एक पैनल के सामने संगीत के साथ लाइव परफॉरमेंस राउंड में प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा व शीर्ष तीन कलाकारों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के लिए सम्मान प्राप्त करने के लिए चुना जाएगा। विजेताओं को टैगोर थिएटर में प्रसिद्ध गायकों के साथ प्रदर्शन करने का अवसर भी मिलेगा।

## रेखा शर्मा को राज्य सभा उपचुनाव हेतु नामित किये जाने पर भाजपा पंचकूला कार्यकर्ताओ में खुशी की लहर

**डेमोक्रेटिक फ्रंट पंचकूला.** राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व चेयरपर्सन रेखा शर्मा को राज्य सभा उपचुनाव हेतु नामित किये जाने पर भाजपा पंचकूला संगठन में खुशी की लहर है। गौरतलब है पंचकूला रेखा शर्मा का गृह नगर है और यही से उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत 1995 के उस दौर में की थी जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा के प्रभारी हुआ करते थे और पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल हरियाणा के संगठन मंत्री हुआ करते थे। सक्रिय राजनीति में रहते हुए वर्ष 2003 में रेखा शर्मा को काउंसिल का चुनाव ल?ने का भी अनुभव प्राप्त है। राज्य सभा उपचुनाव हेतु रेखा शर्मा द्वारा नामांकन भरे जाने के उपरांत पंचकूला जिला संगठन से



पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, वरिष्ठ नेता श्यामलाल बंसल, वरिंदर गर्ग, संजय आहूजा, हरिंदर मालिक, अजय मित्तल चंडीगढ़ में रेखा शर्मा से मुलाकात कर जीत की ढेरो शुभकामनाएं दी। जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने रेखा शर्मा को राज्य सभा में भेजे जाने पर शीर्ष संगठन का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी की विशेषता है की एक सामान्य एवं गैर राजनीतिक परिवार का कार्यकर्ता भी शीर्ष पद पर अपनी मेहनत और ईमानदारी के बलबूते आसीन हो सकता है।

दीपक शर्मा ने बताया कि एक जमाने में रेखा शर्मा एक साधारण कार्यकर्ता के नाते पंचकूला संगठन में बूथ स्तर के कार्यों को पूरी निष्ठां एवं समर्पण भाव से किया करती थी, समय के साथ संगठन में उनकी अपनी एक अलग पहचान बनती चली गयी, प्रदेश संगठन में आई टी का कार्य देख चुकी रेखा शर्मा 2015 में पहली बार राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य बनी उसके उपरांत कार्यवाहक चेयरपर्सन और आगे चल कर राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरपर्सन का दायित्व उन्होंने बखूबी निभाया।



### समाचार पत्र वाचन प्रतियोगिता में रेवा दीक्षित ने दूसरा स्थान प्राप्त किया

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चण्डीगढ़।** अजीत करम सिंह इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल (एकेएसआईपीएस)-41 में आयोजित रीडथॉन-2024 इंटर स्कूल समाचार पत्र वाचन प्रतियोगिता में रेवा दीक्षित ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में समाचार पत्रों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और देश-दुनिया में होने वाली घटनाओं के बारे में जानकारी देना था।

## जिम ट्रेनर की एक्टिवा चोरी मामलें में 2 काबू, आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा

### विशेष प्लान के तहत संदिग्धों पर कड़ी निगरानी रख सख्त कार्रवाई की जा रही है

डेमोक्रेटिक फ्रंट पंचकूला/ 10 दिसंबर- पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, पुलिस कमिश्नर श्री राकेश कुमार आर्य, भा.पु.से के मार्गदर्शन व पुलिस उपायुक्त हिमाद्रि कौशिक के नेतृत्व ने जिला में वाहन चोरी की वारदातों को रोकने के लिए विशेष प्लान के तहत संदिग्धों पर कड़ी निगरानी रख सख्त कार्रवाई की जा रही है। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज व इन्चार्ज डिटेक्टिव स्टाफ निर्मल सिंह के नेतृत्व में उनकी टीम द्वारा वाहन चोरी के मामले में सफलता हासिल करते हुए 2 आरोपियों को काबू किया है। गिरफ्तार किये गये आरोपियों की पहचान तेजेन्द्र सिंह पुत्र कुलवंत सिंह वासी गांव गिल जिला लुधियाना पंजाब हाल किरायेदार इंदिरा कॉलोनी मनीमाजरा चंडीगढ़ व सोनु पुत्र स्व. चंद्रलाल वासी मोली जांगरा चंडीगढ़ के रुप में हुई है।

इस मामलें में शिकायतकर्ता बब्लू कुमार पुत्र उपेन्द्र भगत वासी सेक्टर-15 पंचकूला ने बताया कि वह सेक्टर-8 में बतौर जिम ट्रेनर काम करता है। दिनांक 06.12.2024 की शाम को बब्लू कुमार ने अपनी स्कूटी को सेक्टर-8 पंचकूला की पार्किंग की पिछले साइड खडी की थी। वापस आने पर स्कूटी न मिलने पर पीड़ित ने इसकी शिकायत थाना सेक्टर-7 पंचकूला में की। जिसमें अंजान शख्स के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2), 317 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की जांच शुरू की। जिसमें डिटेक्टिव स्टाफ की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मामलें में संलिप्त दोनों आरोपियों को पंचकूला के चंडीमंदिर रेलवे स्टेशन के नजदीक से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर आरोपियों की पहचान तेजेन्द्र सिंह पुत्र कुलवंत सिंह वासी गांव गिल जिला लुधियाना पंजाब हाल किरायेदार इंदिरा कॉलोनी मनीमाजरा चंडीगढ़ व सोनु पुत्र स्व. चंद्रलाल वासी मोली जांगरा चंडीगढ़ के रुप में हुई है। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई एक्टिवा बरामद की गई। दोनों आरोपियों को माननीय अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### सरकार ना गरीबों को समय पर राशन दे पा रही, ना डिपो धारकों को कमिशन : हुड्डा

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि बीजेपी सरकार ना गरीबों को समय पर राशन दे पा रही है और ना ही डिपो धारकों को कमिशन दे रही है। डिपो धारकों को पिछले 9 महीने से कमिशन ही नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में उनके परिवार की रोजी रोटी पर संकट छा गया है। आलम यह है कि सरकार ने सितंबर महीने का बाजरा कई जगह देरी से आवंटित किया। यहां तक कि खबर है कि सितंबर माह का बाजरा 12 अक्टूबर तक बंटवाया गया। सरकार द्वारा अक्सर सरसों तेल बंटवाने में भी देरी की जाती है। कभी 2 तो कभी 3 महीने देरी से गरीबों को तेल मिल पाता है। हुड्डा ने कह कि बीजेपी ने चुनावी लाभ लेने के लिए बीपीएल राशन कार्ड बनाने में जमकर फर्जीवाड़ा किया। अब इसका खामियाजा पात्र गरीबों को भुगतना पड़ रहा है और उन्हें समय पर राशन नहीं मिल पा रा है। हैरानी की बात है कि अब चुनाव के बाद सरकार कह रही है कि वो इतने राशनकार्ड कैसे बने, इसकी जांच करवाएगी। क्या सरकार को पता नहीं है कि उसने ही हरियाणा की जनता के गले में फैमिली आईडी नाम का सांप डाला है। उसी के आधार पर बीपीएल राशन कार्ड बने हैं। यानी जो भी गड़बड़झाला हुआ है, वह खुद सरकार ने किया है। अब सरकार किस मुंह से जांच की बात कह रही है? भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि पहले बीजेपी सरकार ने फैमिली आईडी के नाम पर लाखों जरूरतमंदों के राशन कार्ड काटे और गरीबों को दाने-दाने का मोहताज कर दिया।

## गीता के श्लोकों का स्मरण करने से मन को शांति और आध्यात्मिक ज्ञान में होती है वृद्धि : शक्तिरानी शर्मा

### विधायक आज जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कोरल पुरनूर पंचकूला।** कालका विधायक श्रीमती शक्ति रानी शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार लगातार 10 वर्षों से अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर गीता जयंती समारोह का आयोजन कर रही है। यह हमारे लिए गौरव की बात है। गीता हमें जीवन जीने का सार बताती है। आज कुरुक्षेत्र की पावन धरा से पूरे विश्व में गीता का ज्ञान फैल रहा है और गीता के पवित्र ग्रंथ का प्रकाश दुनिया में फैलाया जा रहा है। इस पवित्र ग्रंथ गीता से पूरी मानव जाति को कर्म और ज्ञान का संदेश मिल रहा है। पूरी मानवता की समस्याओं का समाधान करने का मार्ग भी इस ग्रंथ में समाहित है। विधायक श्रीमती शक्ति रानी शर्मा आज राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर 14 में आयोजित जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि पहुंची। विधायक श्रीमती शक्ति रानी शर्मा का एडीसी निशा यादव ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने गीता जयंती महोत्सव को बड़े स्तर पर मनाने का संकेत दिया था। इसके उपरांत कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव को वर्ष 2016 से बड़े स्तर पर मनाया जा रहा है और इस पावन धरा से पूरी दुनिया को पवित्र ग्रंथ गीता को जानने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने बताया कि गीता जयंती महोत्सव को विदेशों में मनाया जा रहा है। इस वर्ष सहयोगी देश के रूप में तंजानिया और सहयोगी राज्य के रूप में ओडिशा भाग ले रहा है। इसके साथ ही हर जिले में भी गीता जयंती को लेकर 3 दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। विधायक ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र की पावन धरा से पूरे विश्व को गीता का उपदेश दिया। यह उपदेश आज भी पूरे विश्व के लिए प्रासंगिक है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव और सभी संस्थाओं की ओर से गीता महोत्सव को परम्परागत और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की पवित्र स्थली ज्योतिसर से पूरे विश्व को गीता का ज्ञान मिला। गीता में दिए ज्ञान में मानव की हर समस्या का समाधान निहित है। गीता के श्लोकों का स्मरण करने से जहां मन को शांति मिलती है वहीं हमारे आध्यात्मिक ज्ञान में भी वृद्धि होती है। श्रीमती शक्ति रानी शर्मा ने कहा कि कुरुक्षेत्र स्थित ब्रह्मसरोवर व सन्निहित सरोवर के जल के आचमन मात्र से ही मनुष्य को पापों से मुक्ति मिलती है। सूर्य ग्रहण, सोमवती अमावस्या, चौदस सहित अन्य धार्मिक अवसरों पर इन सरोवरों के पवित्र जल में स्नान करने से हजारों यज्ञों के बराबर पुण्य की प्राप्ति होती है। गीता से हमारे जीवन को पुण्य का फल मिलता है।

## एक नजर

### वेतन ना मिलने के विरोध में बिजली कर्मियों ने किया जोरदार प्रदर्शन



**डेमोक्रेटिक फंट ( विनोद कुमार तुषावर ) चंडीगढ़।** इलेक्ट्रिकल वर्कमेन यूनियन के बैनर तले बिजली कर्मियों ने चीफ इंजीनियर दफ्तर के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान माननीय चीफ इंजीनियर सीबी ओझा ने यूनियन डेलिगेशन को बुला कर बताया कि बजट का मसला जल्द हल कर लिया जाएगा कुश वर्करों की सैलरी आज शाम तक आ जाएगी। उन्होंने यह भरोसा भी दिया कि 327 तथा 103 पोस्टों की अप्रूवल भी जल्द ही लें ली जाएगी।खाली पोस्ट भरने के संबंध में मीटिंग में हजार एस ई इलेक्ट्रिकल रणजीत सिंह को माननीय चीफ इंजीनियर ने कहा कि खाली पड़ी 50 पोस्ट भरनी की कारवाई तुरंत शुरू की जाए। चीफ इंजीनियर के भरोसे के बाद प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया तथा घोषणा की कि अगर 7 दिन में मसले हल नहीं किए गए तो 18 दिसंबर को पुतला फूक प्रदर्शन किया जाएगा। वर्करों को कोऑर्डिनेशन कमेटी के महासचिव राकेश कुमार,सीनियर वाइस प्रेसिडेंट राजिंदर कुमार, सुरिंदर कुमार यूनियन के प्रधान किशोरी लाल, चेयरमैन वरिंदर बिष्ट, वाइस प्रेसिडेंट यशपाल शर्मा ,अवतार सिंह,रोशन लाल तथा सुखविंदर सिंह ने संबोधन किया।

### औषधीय पौधे- सतत विकास और प्रगति की ओर एक कदम : डॉ. अरुण चंदन



**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़.** एनआईटीटीटीआर, चंडीगढ़ में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन, औषधीय पौधों की विविधता और संभावनाएं पर एक महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र का नेतृत्व डॉ. अरुण चंदन, क्षेत्रीय निदेशक, क्षेत्रीय-सह-सुविधा केंद्र (उत्तर-1), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने किया। डॉ. चंदन ने भारत की समृद्ध जैव विविधता पर प्रकाश डाला, जिसमें 8,000 से अधिक औषधीय पौधों की प्रजातियां शामिल हैं। उन्होंने आयुर्वेदिक दवाओं, न्यूट्रास्यूटिकल्स, और फूड सप्लीमेंट्स के लिए औषधीय पौधों की बढ़ती वैश्विक मांग को रेखांकित किया। अश्वगंधा, तुलसी, हल्दी, और एलोवेरा जैसे प्रमुख पौधों के औषधीय लाभ और आर्थिक अवसरों को विशेष रूप से उजागर किया गया। सत्र में औषधीय पौधों की टिकाऊ खेती पर जोर दिया गया और दुर्लभ प्रजातियों के संरक्षण और पर्यावरण-अनुकूल खेती के तरीकों को अपनाने की आवश्यकता पर चर्चा की गई। डॉ. चंदन ने सामुदायिक और शैक्षणिक संस्थानों में हर्बल गार्डन की स्थापना के महत्व को भी रेखांकित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले शिक्षकों ने विषय में गहरी रुचि दिखाई और औषधीय पौधों की खेती को आजीविका के नए अवसर के रूप में अपनाने की संभावनाओं पर चर्चा की। सत्र के समापन पर, डॉ. चंदन ने कहा, औषधीय पौधों की खेती न केवल आर्थिक अवसर है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और जनस्वास्थ्य में योगदान का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी है। कार्यक्रम के दौरान, राष्ट्रीय अश्वगंधा अभियान पर एक ब्रोशर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर कई विशेषज्ञ उपस्थित रहे, जिनमें राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुनील कुमार और ग्रामीण विकास विभाग के अध्यक्ष डॉ. यू. एन. राय शामिल थे। यह सत्र औषधीय पौधों के सतत विकास और उनके व्यावसायिक उपयोग की संभावनाओं को समझने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित हुआ।

# अमित शाह ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की

### 31 मार्च, 2025 तक हरियाणा में नए आपराधिक कानूनों का शत-प्रतिशत कार्यान्वयन सुनिश्चित हो



डेमोक्रेटिक फ्रंट जैतो,10 दिसम्बर (रघुनंदन पराशर)-केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में हरियाणा में पुलिस, जेल, कोर्ट, अभियोजन और फॉरेन्सिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में केन्द्रीय गृह सचिव, हरियाणा के मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव, राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, BPR&D के महानिदेशक, NCRB के महानिदेशक और केन्द्रीय गृह मंत्रालय और राज्य सरकार के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।बैठक में चर्चा के दौरान केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में तीन नए आपराधिक कानून, नागरिक अधिकारों के रक्षक और 'न्याय की सुगमता' का आधार बन रहे हैं। गृह मंत्री ने हरियाणा को 31 मार्च, 2025 तक राज्य में नए आपराधिक कानूनों का शत-प्रतिशत कार्यान्वयन सुनिश्चित करने को कहा।चर्चा के दौरान श्री अमित शाह ने तकनीक के उपयोग पर बल देते हुए कहा कि राज्य के हर ज़िले में एक से अधिक फॉरेन्सिक मोबाइल वैन उपलब्ध होनी चाहिएं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि 'द्भह्म स्नद्ध्रह्य की मोनिट्रिंग की जिम्मेदारी छ्व4. स्क लेवल के अधिकारी की हो, और प्रदेशों के हिसाब से अन्य भाषाओं में इनका अनुवाद सुनिश्चित हो। गृह मंत्री ने कहा कि राज्य के पुलिस महानिदेशक सभी पुलिसकर्मियों को sensitize करें कि समय पर न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने हरियाणा के पुलिस महानिदेशक को सभी पुलिस अधीक्षकों द्वारा निर्धारित समयसीमा के तहत मामलों की जांच सुनिश्चित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री को हर 15 दिन और मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ सप्ताह में एक बार तीन नए कानूनों के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा करनी चाहिए।



### बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ पंचकूला में रोष-मार्च आयोजित

**डेमोक्रेटिक फ्रंट पंचकूला.** पंचकूला में सनातन मंच और किन्नर समाज के महंत सोनाक्षी एवं अन्य हिंदू संगठनों के सहयोग से बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ एक विशाल रोष मार्च का आयोजन किया गया। इस मार्च में सैंकड़ों लोगों ने भाग लिया और बांग्लादेश में हो रही घटनाओं की कड़ी निंदा की। मार्च की शुरुआत सेक्टर 2 स्थित शहीद मेजर चौक से हुई और यह लगभग 2 किलोमीटर तक चला। प्रतिभागियों ने नारेबाजी करते हुए न्याय की मांग की और हिंदू समाज के प्रति हो रही हिंसा को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की अपील की। मार्च के समापन पर सनातन मंच और अन्य संगठनों के नेताओं ने पंचकूला के उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में भारत सरकार से बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच पर कदम उठाने और दबाव बनाने की अपील की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार न केवल मानवाधिकारों का उल्लंघन हैं।

बल्कि यह पूरे विश्व के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने सभी धर्मों और समुदायों को एकजुट होकर इस प्रकार की हिंसा का विरोध करने का आह्वान किया।

### इनर व्हील क्लब चंडीगढ़ सेंट्रल ने ई-कचरा रीसाइक्लिंग की कार्यशाला लगाई




**डेमोक्रेटिक फ्रंट चण्डीगढ़।** इनर व्हील क्लब, चण्डीगढ़ सेंट्रल द्वारा गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 15, पंचकूला की दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए ई-कचरा रीसाइक्लिंग के महत्व पर एक सत्र आयोजित किया इस अवसर पर ई-कचरा रीसाइक्लिंग विशेषज्ञ गौतम शर्मा द्वारा छात्रों को ई-कचरा रीसाइक्लिंग करने और उसको दोबारा से प्रयोग में लाने की विधि पर सत्र में सरल तरीके से विश्लेषण कर बतलाया गया। उन्होंने बताया कि ई-कचरे को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटने के बाद मूल्यवान सामग्री निकालने की प्रक्रिया करके नए इलेक्ट्रॉनिक उपकरण में किया जा सकता है। क्लब अध्यक्ष अंजना कपूर, उपाध्यक्ष वीना सिंगला, आईएसओ गीतांजलि गर्ग, ऑडिटर राशि यादव भी इस अवसर पर उपस्थित रहीं।

### हरियाणा की भूमिका ने उड़ीसा में जीता स्वर्ण



**डेमोक्रेटिक फ्रंट उकलाना जगदीश असीजा.** उड़ीसा के पुरी में आयोजित 29 वीं राष्ट्रीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता में हरियाणा टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए भूमिका ने 60 किलोमीटर मार्श स्टार्ट इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा प्रदेश का नाम ऊंचा किया। भूमिका ने जूनियर महिला वर्ग में राजस्थान की सोम्या को पछाडते हुए 1¬43¬26¬411 का समय लेकर स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके अतिरिक्त सब जूनियर लड़कों की टीम ट्रायल इवेंट में तनिष नीरज तथा गुंजन ने रजत पदक हासिल करके हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन किया

उनकी इस जीत पर हरियाणा राज्य साइकलिंग संघ के अध्यक्ष पूर्व मंत्री संदीप सिंह ने तथा महासचिव नीरज तंवर ने बधाई दी। नीरज तंवर ने बताया की भूमिका अंतर्राष्ट्रीय साइकिलिस्ट है और हरियाणा प्रदेश का कई बार नाम चमका चुकी है।

### इनरव्हील क्लब ,मोहाली सिम्फनी ने सरकारी हाई स्कूल, जयंती माजरी को कंप्यूटर दिए




**मोहाली.** इनरव्हील क्लब, मोहाली सिम्फनी द्वारा संस्था की चेयरमैन सुजाता आहूजा की अगुआई में विद्यार्थियों को कम्प्यूटर शिक्षा अध्ययन के लिए सरकारी हाई स्कूल, जयंती माजरी की हेड मिस्ट्रेस अलका महाजन, टीचर गगनदीप और स्वराज अग्रवाल को एक कंप्यूटर, छह कीबोर्ड माउस के साथ और छह एलईडी एलसीडी स्क्रीन भेंट किए गए। क्लब प्रेजिडेंट रंजनदीप गिल ने कहा शिक्षा बहुत जरूरी है। किन्हीं भी कारणों से शिक्षा में रुकावट या व्यवधान नहीं आना चाहिए। सचिव संगीता अ?वाल ने कहा कि छात्राओं के शिक्षण कार्य में समय-समय पर उनके लिए जो भी सहयोग आवश्यक होगा, वह क्लब द्वारा पूरा किया जाएगा क्लब की वित्त सचिव अमिता अरो?ा ने बताया की शिक्षण कार्य में आर्थिक परेशानी नहीं आनी चाहिए। कार्यक्रम में एक जरुरतमंद परिवार को मासिक राशन भी दिया गया। पूर्व जिला अध्यक्ष संगीता सूद, जिला आईएसओ श्रीमती नीलू वालिया, उपाध्यक्ष नीलिमा अरोड़ा, संयुक्त सचिव भावना पुरी, आईएसओ संध्या मलिक व ऑडिटर सीमा मल्होत्रा सहित क्लब के सदस्य रहे।






### समाज कल्याण समिति ने चंडीगढ़ में वृद्ध, विधवा एवं विकलांक पेंशन को 1000/- से बढ़ाकर 2000/- प्रति माह करने की पुनः सिफारिश की। सत्य पाल जैन की अध्यक्षता में हुई बैठक

**डेमोक्रेटिक फ्रंट ( विनोद कुमार तुषावर ) चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रशासन की समाज कल्याण समिति की एक बैठक कल सांय यू.टी. गैस्ट हाउस में पूर्व सांसद श्री सत्य पाल जैन की अध्यक्षता में हुई जिसमें समिति ने केन्द्र सरकार से एक बार फिर आग्रह किया कि वह चण्डीगढ में वृद्ध, विधवा एवं विकलांग लोगों को दी जाने वाली मासिक पैंषन को 1000/- रूपये से बढाकर 2000/- रूपये प्रतिमाह करने के प्रस्ताव को तुरन्त स्वीकार करें। उन्होंने कहा कि पंजाब एवं हरियाणा की सरकारें यह पैंषन बढ़ाकर पहले ही लगभग 3000/- रूपये प्रतिमाह कर चुकी हैं। श्री जैन ने कहा कि चण्डीगड़ में लगभग 25000 परिवार हैं जिनको इसका लाभ मिलेगा। समिति को बतलाया गया कि प्रशासन ने उसकी उस सिफारिश को लागू कर दिया जिसके अर्न्तगत प्रत्येक गरीब बच्ची को उसकी शादी पर विभाग की ओर से 31000/- रूपये का शगुन दिया जायेगा। इस के लिये फंड भी उपलब्ध करवा दिये गये हैं तथा आवेदन पत्र भी आने शुरू हो गये हैं। इस के लिये शीघ्र ही राषि जारी होनी शुरू हो जायेगी।

बैठक में पुलिस विभाग की ओर से बतलाया गया कि चण्डीगढ में जो 63 बच्चे कई वर्षो से गुम हैं उनमें से 14 को ढूंढ लिया गया है तथा 49 बच्चे जिनमें 44 लडकियां एवं 5 लड़के अभी भी गुम है उन्हें ढुडने के प्रयास किये जा रहे हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि चण्डीगढ की लगभग सभी डिस्पैंसरियों में इवनिंग ओ.पी.डी. चालू की जायेगी तथा इस के लिये स्वस्थ्य विभाग अपना बजट शीघ्र ही प्रषासन को देगा तथा उसकी स्वीकृति के बाद यह निर्णय लागू हो जायेगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जनवरी में शहर के प्रमुख नागरिकों का एक सम्मेलन, श्री गुलाब चन्द कटारिया, राज्यपाल पंजाब एवं प्रषासक चण्डीगढ प्रषासन की अध्यक्षता में किया जायेगा जिसमें शहर निवासियों को भारत सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी।

वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान भारत के और अधिक कार्ड बनवाने को लेकर एक उपसमिति का गठन किया गया जिसमें डॉ. परमजीत सिंह, श्री देवेश मोदगिल एवं डॉ. शीनू अग्रवाल शामिल हैं। बैठक में स्ट्रीट वैंडरस की रिक्त पड़ी स्थानों को शीघ्र भरवाने एवं उनकी अन्य समस्याओं के समाधान के लिये भी श्री देवेश मोदगिल की अध्यक्षता में एक उपसमिति का गठन किया गया जिसमें अनामिका वालिया, रेणु रिषी गौतम, कंवलजीत पंछी, तुलिका मेहता एवं पूनम जम्वाल शामिल हैं।

इन समितियों से कहा गया कि वे अपनी रिपोर्ट अगली बैठक से पहले दे दें।

बैठक में औरों के अतिरिक्त पालिका अरोडा, देवेश मोदगिल, कवंलजीत पंछी, अनामिका वालिया, गौरव गौड़, शीनु अग्रवाल, जगदीष कपूर, रेनु रिषी गौतम, लता गिरी, तुलिका मेहता, राजेन्द्र शर्मा, बिमसन अहूजा, करन वासुदेव भी शामिल हुये।

ONLINE / Home Tutions
COMMERCE CLASSES
SUBJECTS:
Accountancy, Economics, Business Studies
CLASSES:
11TH, 12TH, B.COM, B.BA
By Qualified & experienced teachers
1 FREE DEMO CLASS
CONTACT NO.
6280972022

MEDITECH EDUCATION
CONSULTANTS & ADVISORS
For Medical and Para Medical courses from UGC approved Universities
Contact:
8194959372

स्वामी एवं मुद्रक व संपादक कोरल द्वारा कार्यालय # 407, सेक्टर 16 पंचकूला से प्रकाशित और इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड, पंचकूला से मुद्रित करवाया जाता है। TITLE CODE : 1364436, Mob : 7508038116, E-mail : sareeka2473@gmail.com, website www.demokraticfront.com